# Lecture Series on 'Entry into Administrative Services'

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 12-09-2024**

# हकेवि में प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश हेतु व्याख्यान श्रृंखला आयोजित




**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश पर केंद्रित पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभाग को बधाई देते हुए कहा कि व्याख्यान श्रृंखला से विद्यार्थी अवश्य ही लाभांवित होंगे। आयोजन की शुरूआत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. युधवीर ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। पहले सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. सेवा सिंह दहिया ने सिविल सेवकों की जिम्मेदारियों पर केंद्रित व्याख्यान देते हुए पारदर्शिता, समावेशन और नागरिक-केंद्रित शासन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, अपराध और अधिकारियों की जवाबदेही जैसे मुद्दों पर भारतीय शासन प्रणाली में अभी भी मौजूद चुनौतियों को भी उजागर किया। आयोजन के दूसरे सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. समुंदर सिंह ने सिविल सेवाओं में लैटरल एंट्री के लाभों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही उन्होंने आरक्षण नीतियों की कमी और कैरियर नौकरशाहों के साथ संभावित टकराव जैसी विवादास्पद मुद्दों पर भी चर्चा की। आयोजन के दूसरे दिन हकेवि में समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य सुश्री प्रज्ञा सिंह ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा को पास करने के लिए चरणबद्ध प्रक्रिया पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने अभ्यर्थियों को अपनी ताकत और कमजोरियों का आकलन करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को एक रणनीतिक योजना विकसित करने, ध्यान केंद्रित रखने और अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ यूपीएससी की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन के संयोजक एवं समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. युद्धवीर सिंह ने बताया कि इस व्याख्यान श्रृंखला का उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन और प्रेरणा करना है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 12-09-2024**


# अभ्यर्थियों को ताकत व कमजोरियों का आकलन करने पर जोर दिया




विशेषज्ञ को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। स्रोत : हकेंवि

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश पर केंद्रित पांच दिवसीय व्याख्यान शृंखला का आयोजित की गई। समें अभ्यर्थियों को अपनी ताकत और कमजोरियों का आकलन करने पर जोर दिया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि व्याख्यान शृंखला से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. युधवीर ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। पहले सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. सेवा सिंह दहिया ने सिविल सेवकों की जिम्मेदारियों पर केंद्रित व्याख्यान देते हुए पारदर्शिता, समावेशन और नागरिक-केंद्रित शासन की महत्ता पर जोर दिया।

उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, अपराध और अधिकारियों की जवाबदेही जैसे मुद्दों पर भारतीय शासन प्रणाली में अभी भी मौजूद चुनौतियों को भी उजागर किया। आयोजन के दूसरे सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के प्रो. समुंद्र सिंह ने सिविल सेवाओं में लैटरल एंट्री के लाभों पर विस्तृत चर्चा की।

**Central University of Haryana**

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 12-09-2024**

# महिलाओं की सुरक्षा, अपराध जैसे मुद्दों पर चर्चा कर चुनौतियों को उजागर किया

**महेंद्रगढ़** | हकेंवि के समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश पर केंद्रित पांच दिवसीय व्याख्यान शृंखला का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि व्याख्यान शृंखला से विद्यार्थी अवश्य ही लाभांवित होंगे।

शुरुआत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. युद्धवीर ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। पहले सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. सेवा सिंह दहिया ने सिविल सेवकों की जिम्मेदारियों पर केंद्रित व्याख्यान देते हुए पारदर्शिता, समावेशन और नागरिक- केंद्रित शासन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, अपराध और अधिकारियों की जवाबदेही जैसे मुद्दों पर भारतीय शासन प्रणाली में अभी भी मौजूद चुनौतियों को भी उजागर किया।



आयोजन के दूसरे सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. समुंदर सिंह ने सिविल सेवाओं में लैटरल एंट्री के लाभों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही उन्होंने आरक्षण नीतियों की कमी और कैरियर नौकरशाहों के साथ संभावित टकराव जैसी विवादास्पद मुद्दों पर भी चर्चा की। आयोजन के दूसरे दिन हकेंवि में समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य प्रज्ञा सिंह ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा को पास करने के लिए चरणबद्ध प्रक्रिया पर अपना व्याख्यान दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Chetna** **Date: 12-09-2024**


# प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश हेतु व्याख्यान श्रृंखला आयोजित



**महेन्द्रगढ, चेतना संवाददाता।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश पर केंद्रित पाँच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभाग को बधाई देते हुए कहा कि व्याख्यान श्रृंखला से विद्यार्थी अवश्य ही लाभांवित होंगे। आयोजन की शुरुआत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. युधवीर ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। पहले सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. सेवा सिंह दहिया ने सिविल सेवकों की जिम्मेदारियों पर केंद्रित व्याख्यान देते हुए पारदर्शिता, समावेशन और नागरिक-केंद्रित शासन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, अपराध और अधिकारियों की जवाबदेही जैसे मुद्दों पर भारतीय शासन प्रणाली में अभी भी मौजूद चुनौतियों को भी उजागर किया। आयोजन के दूसरे सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. समुंदर सिंह ने सिविल सेवाओं में लैटरल एंट्री के लाभों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही उन्होंने आरक्षण नीतियों की कमी और कैरियर नौकरशाहों के साथ संभावित टकराव जैसी विवादास्पद मुद्दों पर भी चर्चा की। आयोजन के दूसरे दिन हकेवि में समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य सुश्री प्रज्ञा सिंह ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा को पास करने के लिए चरणबद्ध प्रक्रिया पर अपना व्याख्यान दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 12-09-2024**

# 'विवि में व्याख्यान श्रृंखला से विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ'

संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश पर केंद्रित पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभाग को बधाई देते हुए कहा कि व्याख्यान श्रृंखला से विद्यार्थी अवश्य ही लाभान्वित होंगे।

आयोजन की शुरुआत में कार्यक्रम संयोजक डा. युधवीर ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। पहले सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. सेवा सिंह दहिया ने सिविल सेवकों की जिम्मेदारियों पर केंद्रित व्याख्यान देते हुए पारदर्शिता, समावेशन और नागरिक-केंद्रित शासन की महत्ता पर जोर दिया।




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान में विशेषज्ञ को स्मृति चिन्ह भेंट करते कुलपति ● सौ. प्रवक्ता

उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, अपराध और अधिकारियों की जवाबदेही जैसे मुद्दों पर भारतीय शासन प्रणाली में अभी भी मौजूद चुनौतियों को भी उजागर किया। आयोजन के दूसरे सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. समुंदर सिंह ने सिविल सेवाओं में लैटरल एंट्री के लाभों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही उन्होंने आरक्षण नीतियों की कमी और कैरियर नौकरशाहों के साथ संभावित टकराव जैसी विवादास्पद मुद्दों पर भी चर्चा की।

आयोजन के दूसरे दिन हकेंवि में समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य प्रज्ञा सिंह ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा को पास करने के लिए चरणबद्ध प्रक्रिया पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने अभ्यर्थियों को अपनी ताकत और कमजोरियों का आकलन करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को एक रणनीतिक योजना विकसित करने, ध्यान केंद्रित रखने और अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ यूपीएससी की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन के संयोजक एवं समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रभारी डा. युद्धवीर सिंह ने बताया कि इस व्याख्यान श्रृंखला का उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन और प्रेरणा करना है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 12-09-2024**


# हकेवि में प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश के लिए व्याख्यान श्रृंखला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़ । विशेषज्ञ को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति । फोटो : हरिभूमि

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश पर केंद्रित पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि व्याख्यान श्रृंखला से विद्यार्थी अवश्य ही लाभांवित होंगे। आयोजन की शुरूआत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. युधवीर ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। पहले सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. सेवा सिंह दहिया ने सिविल सेवकों की जिम्मेदारियों पर केंद्रित व्याख्यान देते हुए पारदर्शिता, समावेशन और नागरिक-केंद्रित शासन की महत्ता पर जोर दिया।

उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, अपराध और अधिकारियों की जवाबदेही जैसे मुद्दों पर भारतीय शासन प्रणाली में अभी भी मौजूद चुनौतियों को भी उजागर किया। आयोजन के दूसरे सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. समुंद्र सिंह ने सिविल सेवाओं में लैटरल एंट्री के लाभों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही उन्होंने आरक्षण नीतियों की कमी और कैरियर नौकरशाहों के साथ संभावित टकराव जैसी विवादास्पद मुद्दों पर भी चर्चा की। समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य प्रज्ञा सिंह ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा को पास करने के लिए चरणबद्ध प्रक्रिया पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने अभ्यर्थियों को अपनी ताकत और कमजोरियों का आकलन करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को एक रणनीतिक योजना विकसित करने, ध्यान केंद्रित रखने और अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ यूपीएससी की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. युद्धवीर सिंह ने बताया कि इस व्याख्यान श्रृंखला का उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन और प्रेरणा करना है।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 14-09-2024**

## प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश पर केंद्रित व्याख्यान शृंखला का हुआ समापन



भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय व्याख्यान शृंखला का शुक्रवार को समापन हो गया। व्याख्यान शृंखला का उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन और प्रेरणा करना है।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक यात्रा में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करते हैं। विभाग के शोधार्थी रूपक वर्मा ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। विभाग के शोधार्थी पोरस यादव ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। आयोजन में मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. खजान सिंह सांगवान ने प्रशासनिक सेवाओं की तैयारियों में समाजशास्त्र की भूमिका पर केंद्रित व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि यूपीएससी पाठ्यक्रम का लगभग 40 प्रतिशत भाग सीधे तौर पर समाजशास्त्र से जुड़ा हुआ है। उन्होंने विषय की गहरी समझ हो प्रशासनिक सेवाओं के लिए आवश्यक बताया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 14-09-2024**

# प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश पर केंद्रित व्याख्यान संपन्न



विशेषज्ञ वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट करते विभागीय शिक्षक ● सौजन्यः हकेंवि

**संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का शुक्रवार को समापन हो गया। व्याख्यान श्रृंखला का उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन और प्रेरणा करना है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक यात्रा में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करते हैं।

आयोजन के तीसरे दिन कार्यक्रम संयोजक एवं समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रभारी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विभाग के शोधार्थी रूपक वर्मा ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। विभाग के शोधार्थी पोरस यादव ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। आयोजन में मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रो. खजान सिंह सांगवान ने प्रशासनिक सेवाओं की तैयारियों में समाजशास्त्र की भूमिका पर केंद्रित व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि यूपीएससी पाठ्यक्रम का लगभग चालीस प्रतिशत भाग सीधे तौर पर समाजशास्त्र से जुड़ा हुआ है। उन्होंने विषय की गहरी समझ को प्रशासनिक सेवाओं के लिए आवश्यक बताया।

व्याख्यान श्रृंखला के अंतिम दो दिनों में पूर्व इंटेलिजेन्स ब्यूरो अधिकारी मनु कादियान तथा प्रज्ञा सिंह ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। मनु कादियान ने उत्तर लेखन के प्रभावी तरीकों पर प्रकाश डाला और सिविल सेवा परीक्षा की तीन चरणों की संरचना को समझाया। आयोजन के अंतिम दिन प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र, सिविल सेवा एप्टीट्यूड टेस्ट की रणनीतियों और मौलिक विचारधारा के विकास पर चर्चा की गई।